Regarding Need to conduct examination for recruitment in government schools in Union Territory of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu within the geographical boundary of the UT and fill-up the posts lying vacant in various departments- Laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) **:** मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि UT of DNH &DD प्रशासन ने हाल ही में DNH और दमण-दीव के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया आरंभ की थी । यह अत्यंत आश्चर्य की बात है कि इन पदों को भरने के लिए परीक्षाएं UT में न होकर गुजरात, दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे अन्य राज्यों/शहरों मे ं आयोजित की गयीं । यह नीति स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण है । यह चौंकाने वाला है कि निजी एजेंसी नियुक्त होने के बावजूद परीक्षाएं UT के बाहर आयोजित की जा रही हैं । मैं आग्रह करता हूँ कि DNH और DD में सरकारी नौकरी की भर्ती के परीक्षा केंद्र स्थापित किये जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षाएं केवल UT स्थित केन्द्रों में ही हो । साथ ही में यह भी मांग करता हूँ कि स्थानीय उम्मीदवारों को DNH-DD के सरकारी विभागों की भर्ती प्रक्रिया में domicile का लाभ मिले । मे साथ ही यह भी सूचित करना चाहता हूँ की DNH-DD प्रशासन के अलग अलग विभागों में बहुत

सारे पद खाली पड़े हुए हैं । मै सरकार से आग्रह करता हूँ की इन पदों के लिए भर्तियाँ भी जल्द से जल्द करवाई जाएँ ।

α The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Treated as laid on the Table.